भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1213

दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आवश्यक और जेनेरिक दवाएं

1213. श्री सी. लालरोसांगा:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सीजीएचएस समय-समय पर नई आवश्यक/जेनेरिक दवाओं की समीक्षा कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सीजीएचएस सूची में विनिर्दिष्ट कई दवाएं आधुनिक विकसित दवाओ/जेनेरिक दवाओं के अनुरूप नहीं हैं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख) सीजीएचएस फार्मूलरी में नई औषधियों को शामिल करने के लिए आमतौर पर निर्धारित दवाओं के डाटा विश्लेषण के अनुसार मेडिकल स्टोर्स संगठन (एमएसओ) को अनुरोध भेजता है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अंतर्गत मेडिकल स्टोर्स संगठन (एमएसओ) द्वारा कंबाइंड सीजीएचएस फार्मूलरी को अपडेट किया जाता है। फार्मूलरी का अंतिम परिशोधन सितंबर, 2023 में किया गया था और एमएसओ वेबसाइट https://mso-gmsd.in/MSO_PORTAL/msowebsite/portal/home. पर उपलब्ध है।

चिकित्सा निरंतर विकसित होने वाला विज्ञान है और फार्मूलरी अपडेट करने के लिए जेनरिक नाम से आमतौर पर निर्धारित दवाओं के डाटा को लेने के लिए सीजीएचएस एप्लीकेशन में फार्मेसी मॉड्यूल को अपडेट किया गया है।

****